DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

PERIODIC ASSESSMENT- III, [2023-24]

- **Please Check that this question paper contains printed 02 pages.**
- **Check that this question paper contains 08 questions.**
- **Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.**

CLASS -VIII
SUB: LOWER HINDI

Time: 1 hour 30mins **Maximum Marks: 40**

सामान्य निर्देश:-

1.इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं-क, ख, ग, घ ।

2.चार खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3. इस प्रश्न पत्र में 08 प्रश्न हैं ।

(खंड-क)

1.**<u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए</u>**:- **(1×5=5)**

भारतीय संस्कृति की छाप पश्चिमी एशिया, मिस्र तथा रोम से लेकर चीन तक और मध्य एशिया से सुदूर पूर्व के द्विपों तक पड़ी। परंतु भारतीय संस्कृति ने इसके लिए कभी तलवार का सहारा नहीं लिया और इसके बल पर अपने धर्म को बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। प्रेम और शांति यहाँ का मूलमंत्र रहा। वैदिक काल से ही इस परंपरा की शुरूआत हो गई थी जिसे सम्राट अशोक ने उत्कर्ष पर पहुँचा दिया। हिंदू धर्म के साथ-साथ बौद्ध धर्म ने भी दक्षिण-पूर्व एशिया की संस्कृति को काफी प्रभावित किया।

जावा में भारतीय संस्कृति की गहरी छाप पड़ी। ब्राह्मण धर्म के साथ-साथ बौद्ध धर्म का भी यहाँ प्रभाव पड़ा है। रामायण और महाभारत के आधार पर यहाँ खेल प्रदर्शित किए जाते हैं। बोरोबुदुर का प्रसिद्ध स्तूप बौद्ध धर्म का वास्तविक प्रतीक है। कला के क्षेत्र में अंकोरवाट मंदिर सुदूर पूर्व का सुंदर प्रतीक है। यह कंबोडिया में स्थित है, जिसका पुराना नाम कंबोज है। यह विशाल मंदिर है जिसकी परिधि आधे मील में फैली हुई है।

(क) भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र क्या है ?

(i) प्रेम और शांति (ii) धर्म और कर्म

(iii) ज्ञान और विज्ञान (iv) संयम और विनम्रता

(ख) भारतीय संस्कृति का प्रभाव किस देश पर पड़ा ?

(i) अमेरिका (ii) स्पेन (iii) जावा (iv) यूनान

(ग) किस धर्म ने दक्षिण-पूर्व एशिया की संस्कृति को अधिक प्रभावित किया ?

(i) जैन धर्म (ii) बौद्ध धर्म (iii) सिख धर्म (iv) इस्लाम धर्म

(घ) अंकोरवाट मंदिर कहाँ स्थित है ?

(i)कंबोडिया (ii) रोम (iii) जर्मन (iv) मिस्र

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक क्या है ?

(i) कंबोडिया (ii) भारतीय संस्कृति (iii) मंदिर का प्रतीक (iv) प्रसिद्ध स्तूप

(खंड-ख)

2.(क) <u>नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए</u> :- **(1×2=2)**

(i)आकाश (ii)आदर

(ख) <u>दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए</u> :- **(1+1=2)**

घी के दीए जलाना

(ग) <u>दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए</u> :- **(1)**

दामिनी

3.(क) <u>दिए गए शब्दों में से उपसर्ग- प्रत्यय छाँटिए</u> :- **(1+1=2)**

(i) हरघड़ी (ii) गाड़ीवान

(ख) <u>दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए</u> :- **(1×2=2)**

(i) हरित पौधे के सामने गिटार बजाएगा।

(ii) बच्चों ने कहानी सुनी थी।

(ग) दिए गए शब्द का मानक रूप लिखिए :- **(1)**

वृद्ध

(खंड-ग)

4. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए</u>:- **(1×5=5)**

(क) 'अगर न नभ में बादल होते' कविता के कवि का नाम क्या है?

(ख) हरित अब किस शास्त्र का होनहार विद्यार्थी है?

(ग) चीन का राजा कैसा था?

(घ) आक्रमण की बात सुनकर कलिंग के राजा ने किनकी बैठक बुलाई?

(ङ) बादल कहाँ- से जल भरकर लाते हैं?

5. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए</u>:- **(1×5=5)**

(क) "फल भी रास्ते में सूख गए" - यह वाक्य किसने- किससे कहा?

(ख) बादल के होने पर किसान क्या कर पाएँगे?

(ग) एक पराजित राजा ने चीन के राजा को किसके विषय में बताया?

(घ) हरित अपनी ताई को किसके विषय में सुझाव देने लगा?

(ङ) नभ में बादल आने पर मोर क्या करते हैं?

6. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए</u>:- **(2×3=6)**

(क) पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(ख) हरित क्यों उदास दिखाई दे रहा था ?

(ग) चीन के राजा ने सैनिकों की भर्ती क्यों शुरू कर दी ?

7. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तृत में लिखिए</u> :- **(4×1=4)**

ताई ने हरित को पौधे के विषय में क्या जानकारी दी ?

(खंड-घ)

8. <u>नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक पर पत्र लिखिए</u> :- **(5)**

अपनी भूल के लिए क्षमा याचना माँगते हुए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ।

<u>अथवा</u>

अपने जन्मदिन के लिए अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए ।

****